आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

28.03.2024 समय : 1850

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए आज निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में नामांकन पत्रों की जांच का कार्य किया गया।
- तेरह उम्मीदवारों के नामांकन स्वीकार किए गए।
- पत्र सूचना ब्यूरो– पीआईबी ने लोकसभा चुनाव की कवरेज करने वाले मीडिया कर्मियों के लिए एक विशेष वेबसाइट शुरू की है।
- प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया को एमसीसी का पालन करने का निर्देश दिया गया है।
- पोर्ट ब्लेयर के मॉडल स्कूल में कल राज्य स्तरीय योगा ओलम्पियाड का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए पहले चरण के तहत उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए नामांकन पत्रों की जांच का कार्य आज किया गया। द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जांच कार्य के बाद कुल तेरह उम्मीदवार चुनावी मैदान में रह गए हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी के बिष्णु पद रे, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा, मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के डी. अय्यप्पन, बहुजन समाज पार्टी के डॉ. अरूण कुमार मल्लिक, अंडमान निकोबार डेमोक्रेटिक कांग्रेस के मनोज पॉल, ऑल इंडिया अन्ना डीएमके के केजेबी सेल्वाराज, एसयूसीआई के सलामत मंडल के अलावा छः निर्दलीय उम्मीदवारों के भी नामांकन पत्र सही पाए गए। श्री अर्जुन शर्मा ने बताया कि इन छः निर्दलीय उम्मीदवारों में से दो उम्मीदवार ऐसे थे, जिन्होंने अपने पार्टी के नाम से नामांकन भरा था। तकनीकी खामियों के चलते चुनाव आयोग से परामर्श के बाद इन दोनों उम्मीदवारों को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में स्वीकार किया गया। इनमें के. वेंकटराम बाबू और वी.के अब्दुल अजीज शामिल है। इनके अलावा आनन्द रामनाथ अरलेकर, रिंकुमाला मंडल, वी.एस भास्करण और उषा कुमारी के भी नामांकन निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में स्वीकार किए गए।

<><><><><><><>

पत्र सूचना ब्यूरो– पीआईबी ने लोकसभा चुनाव की कवरेज करने वाले मीडिया कर्मियों के लिए एक विशेष वेबसाइट– **pib.gov.in@elect2024@index-aspx** शुरू की है। इस वेबसाइट पर डिजिटल फिल्प बुक जैसी विशेषताएं हैं, जिनमें कई तरह के विश्लेषण और आंकड़ों से संबंधित लेख शामिल किए गए हैं। मीडिया कर्मी, चुनाव से संबंधित लेख लिखने के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी का इस्तेमाल कर सकते हैं। साथ ही इस पर अनेक उपयोगी लिंक भी उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से पत्रकार, निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर संबंधित जानकारी आसानी से हासिल कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम और अधिसूचना से संबंधित जानकारी भी इस वेबसाइट पर समय–समय पर अपडेट की जाएगी।

<><><><><><><>

चुनाव आयोग द्वारा पहले चरण के चुनाव के लिए सोलह मार्च को चुनाव सारणी की घोषणा की गई और इसके साथ ही आदर्श चुनाव आचार–संहिता लागू हो गई है। भारतीय चुनाव आयोग की ओर से स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने तथा मतदाताओं को मतदान के लिए उचित मंच उपलब्ध कराने तथा राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा एमसीसी का कड़ाई से पालन करने के लिए निर्देश जारी किया गया है, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो सके। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया को भी एमसीसी का पालन करने और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए निर्देश दिया गया है। एमसीसी के कियान्वयन के लिए सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में मीडिया प्रकोष्ठ और मीडिया प्रमाणन तथा निगरानी समिति स्थापित की गई है, ताकि पेड न्यूज पर नजर रखी जा सके और इलेक्ट्रॉनिक तथा सोशल मीडिया में जारी होने वाले विज्ञापनों के प्रचार–प्रसार से पहले इसकी अनुमति प्रदान की जा सके। इस संबंध में सभी इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल करने वालों से कहा गया है कि वे विज्ञापन और विषयों को प्रसारित करने से पहले इसकी स्वीकृति मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति से प्राप्त कर लें। एमसीसी का उल्लंघन करने वालों पर नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। सभी इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और सोशल मीडिया को परिपत्र जारी कर एमसीसी नियमों का पालन करने और द्वीपों में शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने में सहयोग देने को कहा गया है। उच्चतम न्यायालय के आदेश तथा आयोग की ओर से अलग–अलग निर्देशों के तहत विज्ञापनों के किसी भी माध्यम से प्रचार–प्रसार से पहले इसकी अनुमति लेना अनिवार्य है। सोशल मीडिया और इंटरनेट वेबसाइट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का ही माध्यम है। इसलिए आयोग का यह निर्देश इन पर भी लागू होता है।

<><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की ओर से चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज कल्याण निदेशक डॉ. नितिन शाक्या ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को समय पर और पर्याप्त सहयोग मिलनी चाहिए और समाज का भी यह कर्तव्य बनता है कि वे इस दिशा में अपना सहयोग प्रदान करे। चाइल्ड हेल्पलाइन एक शून्य नौ आठ इस दिशा में एक प्रमुख कदम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि समुदाय को सशक्त और शिक्षित कर बदलाव लाया जा सकता है।

उधर, राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी की ओर से सेवा निकेतन डेरीफार्म में बाल अधिकार और उत्तरदायित्व पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज कल्याण निदेशक ने इस कार्यक्रम को प्रत्येक बाल देखभाल संस्थानों में आयोजित करने को कहा।

<><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के मॉडल स्कूल में कल राज्य स्तरीय योगा ओलम्पियाड का आयोजन किया गया। इस ओलम्पियाड में सीनियर सेकेण्डरी स्कूल स्वराजग्राम के तेरह विद्यार्थियों ने विभिन्न आयु वर्ग की श्रेणियों मे अपना दबदबा कायम रखा। इनके अलावा दक्षिण अंडमान के विभिन्न स्कूलों के तीन विद्यार्थियों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। ये सभी सोलह विद्यार्थी अब जून में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर की योगा ओलम्पियाड मे भाग लेंगे। स्वराजग्राम स्कूल के अलावा पीएम श्री सीनियर सेकेण्डरी स्कूल बम्बूफ्लाट, सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मंगलूटान और मिडिल स्कूल कार्वाइंस कोव से एक–एक विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की ओलम्पियाड के लिए चुने गए है।

<><><><><><>

नगरपालिका परिषद ने उपभोक्ताओं से घरेलू और वाणिज्यिक पानी तथा सम्पत्ति कर की बकाया राशि की अदायगी करने को कहा है। लोग तीस और इक्कतीस मार्च को दिन में साढ़े बारह बजे तक नगरपालिका मुख्यालय में बकाया राशि की अदायगी कर सकते हैं।

<><><><><><><>

चाथम सरकारी आरा मिल एक अप्रैल से पन्द्रह अप्रैल तक बंद रहेगा। इस दौरान वार्षिक जांच और रखरखाव का कार्य किया जाएगा।

उधर, बेटापुर आरा मिल में भी एक अप्रैल से वार्षिक जांच का कार्य किया जाएगा। जांच का कार्य पूरा होने तक ये मिल बंद रहेगा।

<><><><><><><>

निकोबार द्वीप के एकाध भागों में अगले चार दिनों तक वर्षा होने या गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। अंडमान द्वीप में एकाध भागों में इक्कतीस मार्च को वर्षा होने या बादल गरजने की संभावना व्यक्त की गई है।

<><><><><><><>